भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 2525
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 18 दिसंबर, 2023
27 अग्रहायण, 1945 (शक)

बिहार में प्राचीन स्मारकों का रखरखाव

2525. **श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन':**
श्री दिनेश चन्द्र यादव:
श्रीमती वीणा देवी:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बिहार में प्राचीन स्मारकों और संग्रहालयों के रख-रखाव के लिए केंद्र सरकार की क्या योजनाएं हैं;

(ख) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा बिहार में राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों/ संग्रहालयों के रूप में घोषित स्मारकों/ संग्रहालयों की जिला-वार संख्या कितनी है;

(ग) उक्त योजनाओं के अंतर्गत सभी प्राचीन स्मारकों के रख-रखाव के लिए विगत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान कितनी धनराशि जारी की गई है;

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान इन स्मारकों से सरकार द्वारा अर्जित राजस्व का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार का बिहार के वैशाली जिले में किसी स्मारक/संग्रहालय को राष्ट्रीय महत्व का स्मारक/संग्रहालय घोषित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): बिहार राज्य में 70 संरक्षित स्मारक/स्थल हैं, जिनकी देखभाल तथा अनुरक्षण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण करता है। प्राचीन स्मारकों/स्थलों का संरक्षण तथा अनुरक्षण किया जाना एक सतत् प्रक्रिया है और इसे आवश्यकता तथा संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार किया जाता है।

(ख): बिहार में राष्ट्रीय महत्व के रूप में घोषित स्मारकों/स्थलों की जिला-वार संख्या अनुबंध-I में दी गई है।

(ग): पिछले पांच वर्षों दौरान बिहार राज्य में सभी स्मारकों/स्थलों के संरक्षण हेतु आवंटित राशि का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(राशि करोड़ रू. में)

वर्ष	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
राशि	1.76	1.55	1.23	3.35	9.00

(घ): पिछले तीन वर्षों के दौरान टिकट वाले स्मारकों/स्थलों में टिकटों की बिक्री से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा अर्जित राजस्व का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(राशि लाख रू. में)

वर्ष	2020-21	2021-22	2022-23
राशि	86.95	149.55	388.61

(ड.): ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक 18.12.2023 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 2525 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

बिहार में राष्ट्रीय महत्व के रूप में घोषित स्मारकों/स्थलों की जिला-वार संख्या

क्र.सं.	ज़िला	स्मारकों की संख्या
1.	औरंगाबाद	01
2.	भागलपुर	04
3.	बक्सर	01
4.	पूर्वी चंपारण	03
5.	गया	11
6.	जहानाबाद	09
7.	कैमूर	02
8.	किशनगंज	01
9.	मधुबनी	01
10.	मुजफ्फरपुर	01
11.	नालन्दा	08
12.	पटना	11
13.	रोहतास	05
14.	सारण	01
15.	सिवान	01
16.	वैशाली	03
17.	पश्चिमी चंपारण	07
	कुल	70

*****